हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 4 मई 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 अ.भा. बलाई महासंघ और भीम आर्मी ने एसपी से...

09 शिव महापुराण एक ग्रंथ है जो सुख और आनंद प्रदान...


## खबर संक्षेप

### जिले में 6 लाख 25 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूं खरीदी

**सीहोर।** जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 6 लाख 25 हजार 718, मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूं का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। गेहूं का उपार्जन 5 मई तक होगा।

### न्यूनतम 11 और अधिकतम 200 जोड़ों का हो सकेगा सामूहिक विवाह

**सीहोर।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में किये गये संशोधन 15 मई से प्रभावी होंगे। नये संशोधन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के लिये चार तिथियां बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया एवं तुलसी विवाह (देवउठनी ग्यारस), एक अन्य तिथि विभाग के अनुसार निर्धारित की जा सकती है। योजना के अन्तर्गत अब सामूहिक विवाह इन्हीं तिथियों में आयोजित होंगे, जिन्हें योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा।

### नेशनल लोक अदालत 10 को आयोजित होगी

**सीहो।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार जिले में 10 मई को वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। सीहोर के साथ ही आष्टा, भैरूंदा, बुधनी, एवं इछावर तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

### महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रावास में फर्स्ट सेमेस्टर की छात्रा ने अज्ञात कारणों से लगाई फांसी

# प्रेम प्रसंग की बात आई सामने तो पिता बोले: बेटी को बदनाम कर रहा प्रशासन, परिजनों ने किया हंगामा

रक्षा के पिता जसमत नायक का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन ने मौत की सूचना नहीं दी और उनकी बेटी को बदनाम कर रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल नाका स्थित शासकीय महिला पॉलिटेक्निक की कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विषय सेकंड सेमेस्टर की छात्रा रक्षा नायक ने संदेहास्पद परिस्थितियों में कालेज के छात्रावास में फांसी लगा ली। छात्रा का शव अपने हॉस्टल के कमरे में झूलते मिला। सूचना के बाद सीहोर जिले की इछावर तहसील के भगवतपुरा गांव के रहने वाले मृत छात्रा के पिता दशरथ सिंह पहुंचे, उन्होंने इस घटना पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए इस मौत के लिए कालेज प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। इधर, मृतका के प्रेम संबंध की बात उजागर हुई है।

शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की की वार्डन पूजा जारोलिया ने बताया कि छात्रा का नाम भगवतपुरा इछावर निवासी रक्षा नायक(19) है। रक्षा कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा थी और वो हॉस्टल के कमरा नंबर 17 में रहती थी। गुरुवार रात साढ़े 10 बजे रक्षा के लिए किसी का फोन आया, जो खुद को उसका भाई बता रहा था। उसने कहा कि रक्षा से बात करा दो। इसके बाद रेखा नाम की स्टूडेंट ने दरवाजा खटखटाया तो देखा कि रक्षा फांसी पर लटकी हुई है। दूसरी छात्रा नेहा ने शव को नीचे उतारा और नीतू मैडम उसे अस्पताल ले गईं। घटना के समय रक्षा की रूम मेट रिया एक शादी में गई हुई थी।



### पचोर के लड़के से चल रहा था अफेयर

मामले में मृतक छात्रा के अफेयर की बातें भी सामने आ रही है। बताया जाता है कि छात्रा के पचोर के एक लडक़े से अफेयर चल रहा था। हालांकि अभी यह बात पूरी तरह उजागर नहीं हुई है। लेकिन कॉलेज प्रशासन का दावा है कि छात्रा का किसी से प्रेम प्रसंग था। कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने बताया कि छात्रा का पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। परिजनों की मौजूदगी में छात्रा के रूम नंबर 17 की तलाशी लिए जाने पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रेम प्रसंग को लेकर भी पुलिस पड़ताल कर रही है। इस मामले में पॉलिटेक्निक कॉलेज के पुजारी डीआर वर्मा का कहना है कि छात्रावास में एक छात्रा ने फांसी लगा ली थी। मामले में पूरी कार्रवाई पुलिस कर रही है।

### पिता ने कॉलेज प्रबंधन पर बेटी को बदनाम करने का लगाया आरोप

पोस्टमार्टम होने के बाद शुक्रवार गुस्साए परिजन शव लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और मामले की शिकायत कलेक्टर से की, जहां उन्होंने प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए और कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले में छात्रा के परिजन दिनेश कुमार ने मामले में कॉलेज प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रावास से रक्षा को सीधे अस्पताल ले गए। अस्पताल में कॉलेज प्रबंधन का कोई नहीं था। रक्षा के पिता जसमत नायक का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन ने मौत की सूचना नहीं दी और उनकी बेटी को बदनाम कर रहा है। एसडीएम तन्मय वर्मा ने आश्वासन देकर मामला शांत करवाया और एसडीएम परिजनों को प्रशासनिक जांच का आश्वासन दिया है।

### सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत का मामला

# बड़ागांव में सड़क पर युवक का शव रखकर परिजनों ने किया चक्काजाम, डॉक्टर व पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप






हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील के बड़ागांव में गत दिनों हुए एक्सीडेंट में तीसरे युवक की मौत के बाद डॉक्टरों व पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नागरिकों व परिजनों ने सड़क पर युवक का शव रखकर चक्काजाम कर दिया। लगभग तीन घंटे से अधिक समय तक नलखेड़ा-मोहन बड़ोदिया मार्ग जाम रहने के बाद विधायक व वरिष्ठ अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम खोला गया।



नलखेड़ा-बड़ागांव मार्ग पर बुधवार रात एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई थी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसका उपचार के दौरान शुक्रवार रात को निधन हो गया। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों युवकों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार बुधवार रात तीनों युवक बाइक से नलखेड़ा से बड़ागांव की ओर जा रहे थे। रास्ते में एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तत्काल नलखेड़ा के शासकीय अस्पताल ले जाया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को रेफर कर दिया गया। इनमें से करण पिता सुनील कौरवे (23) को आगर जिला अस्पताल और देवांश पिता विजय संगत (18) को झालावाड़ अस्पताल ले जाया गया। जहां दोनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। तीसरा घायल अर्जुन कौरवे जो करण का सगा भाई था का उपचार उज्जैन में चल रहा था, जिसका शुक्रवार रात उपचार के दौरान निधन हो गया।

गौरतलब है कि मृतक तीन युवकों में से दो करण एवं अर्जुन कौरवे तहसील के बड़ागांव निवासी थे जिनकी मौत से वहां शोक व्याप्त है। तीसरा मृतक देवांश राजस्थान के झालावाड़ का निवासी था। मृतक के परिजनों ने पुलिस और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया हुए शनिवार दोपहर युवक के शव को नलखेड़ा-मोहन बड़ोदिया मार्ग पर सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया। वे उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे थे। इसी के चलते आक्रोशित परिजनों व नागरिकों ने बड़ागांव चौकी के सामने शव रखकर प्रदर्शन किया और मार्ग को जाम कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक भेरूसिंह परिहार एसडीओपी देवनारायण यादव तहसीलदार गिरीश सूर्यवंशी नलखेड़ा थाना प्रभारी अनिल मालवीय बड़ागांव चौकी प्रभारी कालूराम मौके पर पहुंचे और परिजनों व नागरिकों से बातचीत कर उन्हें समझाइश दी। बातचीत और आश्वासन के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। पुलिस ने मामले की जांच का भरोसा दिलाया है।




### जिन मंदिर दादावाड़ी की प्रतिष्ठा के तीन वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम

# मंत्रोच्चार के साथ मंदिर शिखर पर चढ़ाई गई धर्म ध्वजा





**नलखेड़ा।** मंत्रोच्चार के साथ परमात्मा के मंदिर शिखर पर लाभार्थी परिवारों ने ध्वजा चढ़ाई गई। नगर के गुदरावन मार्ग पर स्थित श्रीपार्श्व कुशल जिन मंदिर दादावाड़ी की प्रतिष्ठा के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मंदिरजी की तृतीय ध्वजा कार्यक्रम शनिवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। ध्वजारोहण के इस कार्यक्रम में मंदिर जी में प्रातः 9:30 बजे सतर भेदी पूजन रखी गई। पूजन चंदा प्रभु बहु मंडल द्वारा पढ़ाई गई।



मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण प्रातः 11:30 से पुष्य नक्षत्र के समय में लाभार्थी परिवार मातुश्री चंद्रकांता बेन सागरमल तिलगोता पुत्र राजेशकुमार, यशकुमार, कियांशकुमार तिलगोता, मातुश्री पारस बेन प्रेमचंद तिलगोता पुत्र प्रीतेश, सोहम कुमार तिलगोता, मातुश्री कमलाबाई प्रेमचंद धूपिया, पुत्र जयंत कुमार, दिनेश कुमार, डॉ राकेश धूपिया परिवार द्वारा मंदिर स्वर्ण शिखर पर धर्म ध्वजा विधि - विधान व मंत्रोच्चार के साथ चढ़ाई गई। इसके पूर्व ध्वजा को सिर पर धारण कर मंदिर परिसर में परिक्रमा की गई तथा लाभार्थी परिवार जनो ने ध्वजा की वासक्षेप से पूजा तथा आरती की गई। इस अवसर पर परमात्मा का दरबार जयकारो से गुंज उठा तथा खुशी से झूमते नाचते समाजजनों ने शिखर पर अक्षत वर्षा की गई। तत्पश्चात दादावाड़ी परिसर में ही समाज के स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम भी रखा गया है। इस अवसर पर श्रीपार्श्व कुशल दादावाड़ी ट्रस्ट ने लाभार्थी परिवारों का बहूमान भी किया।

### राहुल गांधी की अडिग लड़ाई और सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक जीत

# जातिगत जनगणना से लेकर नीतिगत सुधारों तक भाजपा को झुकना पड़ा : मीडिया प्रभारी हर्ष जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शुक्रवार को कांग्रेस जिला कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एवं सीहोर जिला मीडिया प्रभारी हर्ष जैन के मुख्य आतिथ्य में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बन्धुओं की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता आयोजित हुई। जिसमें उपस्थित पत्रकारगणों को सम्बोधित करते हुए हर्ष जैन ने केंद्र सरकार की 2026 की जनगणना के साथ जातिगत जनगणना कराने की घोषणा को सामाजिक न्याय की दिशा में एक क्रांतिकारी और ऐतिहासिक कदम करार देते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री राहुल गांधी की दूरदर्शिता, अथक संघर्ष और जनहित के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता की जोरदार प्रशंसा की है।

यह फैसला केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि राहुल गांधी की उस जुझारू और बुलंद आवाज का परिणाम है, जिसने भाजपा सरकार को बार-बार घुटने टेकने पर मजबूर किया है। मध्यप्रदेश की धरती से हम गर्व के साथ कहते हैं कि राहुल गांधी की यह जीत हर उस ओबीसी, दलित, और आदिवासी के लिए एक नई उम्मीद की किरण है, जो दशकों से अपने हक से वंचित रहा है। श्री हर्ष जैन ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला




बोलते हुए कहा, राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को सामाजिक समानता का आधार बनाकर इसे न केवल राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बनाया, बल्कि भाजपा की वंचित-विरोधी नीतियों की पोल खोल दी। 2023 से 2024 तक, उन्होंने संसद में, रैलियों में, प्रेस कॉन्फ्रेंस में, और सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को आंधी की तरह उठाया। तेलंगाना के जातिगत सर्वेक्षण को एक पारदर्शी और समावेशी मॉडल के रूप में प्रस्तुत करते हुए, उन्होंने 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को हटाने की मांग उठाकर भाजपा की दलित, पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता को ललकारा है। यह राहुल गांधी का अडिग संकल्प और मध्यप्रदेश कांग्रेस का साथ था, जिसने भाजपा को इस ऐतिहासिक फैसले के लिए मजबूर किया। हम मध्यप्रदेश की जनता की ओर से राहुल गांधी को इस शानदार जीत के लिए सलाम करते हैं। हर्ष जैन ने जोर देकर कहा कि जातिगत जनगणना की यह जीत राहुल गांधी की उस सतत लड़ाई का हिस्सा है, जिसमें उन्होंने बार-बार भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को न केवल उजागर किया, बल्कि उन्हें वापस लेने के लिए बाध्य किया। जिसमें कृषि कानूनों की वापसी, अग्निवीर योजना में सुधार, ब्रॉडकास्टिंग सर्विसेज बिल की वापसी , लेटरल एंट्री भर्ती रद्द, रेलवे कुलियों की मांगें (2025): फरवरी 2025 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के बाद राहुल गांधी ने रेलवे कुलियों की बदहाली को उठाया। मार्च 2025 में उनकी मुलाकात और संसद में उनकी मांगों ने भाजपा को सुधारों के लिए सोचने पर मजबूर किया। यह समाज के सबसे निचले तबके की जीत थी, जीएसटी दरों में कमी, नोटबंदी और कोविड-19 की भविष्यवाणीरू राहुल गांधी ने 2016 में नोटबंदी को अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी बताया, जो क्रक्चद्ब की रिपोर्ट से सही साबित हुआ।

हर्ष जैन ने भाजपा पर हमला तेज करते हुए कहा, भाजपा की नीतियां हमेशा से कॉरपोरेट-हितैषी और वंचित-विरोधी रही हैं। लेकिन राहुल गांधी ने अपनी बुलंद आवाज और जन-केंद्रित राजनीति से भाजपा को बार-बार झुकने के लिए मजबूर किया। मध्यप्रदेश में ओबीसी, दलित, और आदिवासी समुदायों की बड़ी आबादी है, और जातिगत जनगणना उनके हक को सुनिश्चित करने का एक शक्तिशाली हथियार बनेगी। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह प्रक्रिया पारदर्शी हो और इसका लाभ मध्यप्रदेश के हर वचित परिवार तक पहुंचे। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों में ब्लाक अध्यक्ष निशांत वर्मा, नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, सीताराम भारती, घनश्याम मीणा, घनश्याम यादव, नरेन्द्र खंगराले, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, पंकज शर्मा, कमलेश चाण्डक, आसिफ अंसारी, गजराज परमार, राहुल गोस्वामी, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### टीकाकरण जागरुकता सप्ताह के तहत नागरिकों को किया गया जागरूक




**सीहोर।** जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिले में टीकाकरण जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया। सीएमएचओ ने बताया कि इस जागरूकता सप्ताह के तहत स्वास्थ्य विभाग, एमवीएचए तथा यूनिसेफ के स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को मीजल्स एवं रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया और टीकाकरण कराने की शपथ भी दिलाई गई। इस जागरूकता सप्ताह के तहत नागरिकों को जानकारी दी गई कि टीकाकरण संबंधी किसी भी भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करें और अपने बच्चों का टीकाकरण कराकर, इन गंभीर बीमारियों से उनका बचाव करें।

### जिला रोजगार कार्यालय द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव के तहत 6 को की जाएगी शिक्षकों की भर्ती

**सीहोर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 06 मई 2025 को सीहोर कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 119 में सुबह 11:00 बजे से 3 बजे तक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट ड्राइव में फीडम एम्लायवलिटी एकेडमी द्वारा सेंटर के संचालन के लिए 12 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसके आवेदन के लिए आवेदक की उम्र 18 वर्ष से अधिक हो तथा किसी भी विषय से ग्रेजुएट हो। इसके साथ ही आवेदक को कम्प्यूटर संचालन का बुनियादी ज्ञान, अंग्रेजी समझने और संवाद करने की क्षमता होना आवश्यक है। इच्छुक आवेदक अपना बायोडाटा लेकर 6 मई कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 119 में साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### राजपूत बने राजोदा मंडल के सह कोषाध्यक्ष



**देवास।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार तथा जिलाध्यक्ष रायसिंह सैंधव व विधायक मनोज चौधरी की सहमति से भाजपा राजोदा मंडल कार्यसमिति की घोषणा मंडल अध्यक्ष रवींद्रसिंह ठाकुर द्वारा की गई। इस समिति में छोटी चुरलाई के प्रतिष्ठित युवा कृषक एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा सम्मानित धर्मेंद्रसिंह राजपूत को सह कोषाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। राजपूत की इस नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं एवं पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया।उल्लेखनीय है कि धर्मेंद्र सिंह राजपूत राजनीति के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके सेवाभावी स्वभाव और संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए यह नियुक्ति मंडल को और मजबूती प्रदान करेगी।

### कोतवाली में जब्त वाहनों की हुई नीलामी

**देवास।** कोतवाली थाना परिसर में गुरुवार को पुलिस एक्ट के तहत जब्त दोपहिया वाहनों की नीलामी की गई। 36 वाहनों की नीलामी से 2.45 लाख रूपए की राजस्व प्राप्ति हुई, जबकि 33 लोगों ने बोली प्रक्रिया में भाग लिया। नीलामी प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से पूरी की गई।नीलामी प्रक्रिया अनुविभागीय दंडाधिकारी बिहारी सिंह, तहसीलदार सपना शर्मा और नगर पुलिस अधीक्षक दीशेष अग्रवाल की निगरानी में संपन्न हुई। इस दौरान कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा, उप निरीक्षक दीपक मालवीय, जितेन्द्र यादव, जुबान सिंह और रमनदीप हुण्डल भी मौजूद थे। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नियमानुसार संपन्न हुई। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने इस दौरान व्यवस्था बनाए रखने के साथ सभी नियमों के पालन को सुनिश्चित किया। थाना कोतवाली से कुल 37 दोपहिया वाहन नीलामी के लिए रखे गए थे।

### थाना सोनकच्छ अंतर्गत बरातियों से हुई मारपीट, पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

# अ.भा. बलाई महासंघ और भीम आर्मी ने एसपी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

### थाना सोनकच्छ पुलिस ने मारपीट और अन्य धाराओं में पांच कें खिलाफ किया प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





दलित युवक की बारात पर पथराव कर बारातियों व दुल्हे के साथ मारपीट करने वालों पर कार्यवाही की मांग को लेकर अखिल भारतीय बलाई महासंघ, भीम आर्मी एवं अन्य बहुजन समाज के संगठनों ने महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार के नेतृत्व में संयुक्त रूप से एसपी कार्यालय में नारेबाजी कर धरना दिया एवं पुलिस अधीक्षक पुनित गेहलोत के नाम एडीशनल एसपी जयवीर सिंह भदोरिया को ज्ञापन सौंपा। कुछ देर बाद संगठन पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक गेहलोत से मुलाकात की और कर घटना की विस्तृत जानकारी दी। महासंघ जिलाध्यक्ष प्रदीप मालवीय ने बताया कि 2 मई 2025 को दरियाव सिंह मालवीय की पुत्री का विवाह ग्राम सांवेर के अभिषेक के साथ ग्राम दुधलाई में होना था। ग्राम सांवेर सोनकच्छ के बारातियों द्वारा जुलूस ग्राम दुधलाई के मुख्य मार्गो से निकाला जा रहा था। बारात के जुलूस के दौरान ग्राम दुधलाई निवासी धाकड़ समाज के लोगों ने पंचायत भवन के बारातियों के साथ मारपीट मारपीट की। घटना की जानकारी संबंधित थाना सोनकच्छ को दी। सूचना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जिस पर थाना सोनकच्छ पुलिस ने मारपीट और अन्य धाराओं में राजेश पिता जगन्नाथ धाकड, जितेन्द्र पिता मेहरवान धाकड, पप्पु पटेल पिता बाबुलाल, गब्बर पटेल पिता बाबुलाल, लाखन सहित पांच कें खिलाफ प्रकरण दर्ज किया हैं। इस दौरान भीम आर्मी जिलाध्यक्ष हीरो सोलंकी, भीम घारू, विजेन्द्र राणा, जयकुमार चौहान, विजय कटेसरिया, राकेश सोलंकी, संतोष मालवीय, विमला भण्डारी, माखन, कांतिलाल, सोबाल, रामेश्वर, अखिलेश मालवीय, विशाल मालवीय, रितेश बारोडिया, सचिन सिंदल, रोहित मालवीय, धर्मेन्द्र मालवीय, वासु घारू, इंदर डोरिया, चिंटू कनासिया, सतीष, मोहन, अजय, सोनू, धीरज, रामप्रसाद, गोपाल, सज्जन, गोपाल, सोदान, शुभम, पवन, रामप्रसाद, जगदीश, मुकेश सोलंकी सहित बडी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने प्रेस वार्ता में जातिगत जनगणना को बताया पार्टी की जीत

### पारदर्शी तरीके से करवाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शनिवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में जातिगत जनगणना को लेकर पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। पार्टी नेताओं ने इसे सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि जातिगत आंकड़ों के बिना योजनाएं अधूरी और पक्षपातपूर्ण बनी रहेंगी।

मोदी सरकार इस मुद्दे पर टालमटोल करती रही है, जिससे सामाजिक असमानता लगातार बढ़ती जा रही है।राहुल गांधी द्वारा उठाए गए इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन मिला है जिसके बाद मोदी सरकार को भी कदम पीछे खींचते हुए जातिगत जनगणना करवानी पड़ रही है।"जातिगत जनगणना केवल ओबीसी, एसी, एसटी की ही नहीं, बल्कि पूरे देश के हाशिए पर खड़े हर समुदाय की आवाज हैं। प्रत्येक भारतीय नागरिक की यह सामाजिक न्याय की आधारशिला है, और कांग्रेस पार्टी इसके लिए पूरी मजबूती से खड़ी है।" "जातिगत जनगणना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की जीत है।

हम इसका समर्थन करते हैं, लेकिन केंद्र सरकार स्पष्ट टाइमलाइन बताए कि यह कब तक होगी। तेलंगाना सरकार ने इसका उत्कृष्ट मॉडल पेश किया है। अब समय आ गया है कि 50% आरक्षण की सीमा को तोड़ा जाए। कांग्रेस नेताओं ने निजी क्षेत्र और शिक्षा में ओबीसी, एसी, एसटी वर्गों की भागीदारी पर चिंता जताई एवं आर्टिकल 15:5 के तहत निजी क्षेत्र मे आरक्षण लागु करने की मांग की।कांग्रेस में पारदर्शी तरीके से हो जातिगत जनगणना करवाने की मांग की। उक्त पत्रकार वार्ता मेंप्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं देवास जिला मिडिया प्रभारी अमित चौरसिया, मनोज राजानी, अध्यक्ष जिला(शहर) कांग्रेस कमेटी, देवास, कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा, डॉ मंसूर शेख, संगठन मंत्री प्रतीक शास्त्री, प्रवक्ता चंद्रपाल सिंह सोलंकी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद सुमन, अनिल गोस्वामी, कल्याण सिंह पंवार, इम्तियाज शेख भल्लू, सूरज सिंह चावड़ा उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते पदक



**देवास।** जिला रोलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सैंडी एकेडमी के संचालक संदीप जाधव ने बताया कि 26 से 27 अप्रैल 2025 तक मंदसौर में ओपन सीनियर जूनियर राज्य स्तरीय रोलबॉल प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें जिले के सीनियर पुरुष खिलाडी देवराज सांगते (कप्तान), तन्मय मेहता, आयुष बहरे, उत्सव बरोडघ, अक्षत, शिवा वही जूनियर बालक ध्रुव चौहान कप्तान, कुशाल उप कप्तान, शिवांश, वेदांत, मयूर, तरुण, यश, कृष्ण, ध्रुव शामिल थे। दोनों ही टीमों ने तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। खिलाडियों का स्वागत देवास जिला ओलम्पिक एसोसिएशन के सचिव तथा देवास जिला रोलबॉल एसोसिएशन मार्गदर्शक अनवर खान द्वारा सर्टिफिकेट के साथ मैडल प्रदान किया गया। पदक विजेता खिलडियों को विधायक गायत्री राजे पवार, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, सुधीर सोमानी प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय, आशीष गुप्ता अध्यक्ष जिला साइकिलिंग एसोसिएशन, अभिषेक लाठी उपाध्यक्ष जिला साइकिलिंग एसोसिएशन, गौरव कदम सहज सरकार अध्यक्ष सैंडी एकेडमी, सचिव रोलबॉल देवास, पावन पाटिल कोषाध्यक्ष जिला रोलबॉल, सैंडी एकेडमी सदस्य अश्विनी जाधव, अपर्णा यादव, किरण राव, खुशबू पाटिल,सुनील मालवी, युवराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सूरज वामनिया, विशाल सिंह, आलोक सिंह, सुमित शर्मा, उदय भावसार, साक्षी चौहान, निखिल सिंह, ऋतुराज सिंह, हार्दिक मंडलोई, हर्षिता कौशल, रैना कौशल, हरिप्रिया यादव, कुमकुम सोलंकी, भावना गुर्जर, हिमांशु शर्मा, वरुण कुशवाह, जतिन लौट, सक्षम सिकरवार आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### राज राजेश्वर भगवान परशुराम की भव्य शौर्य यात्रा आज

**देवास।** ब्राह्मण समाज के आराध्य, क्षत्रधर्म और सनातन संस्कृति के रक्षक राज राजेश्वर भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आज देवास नगर एक बार फिर आध्यात्मिक उल्लास और धार्मिक गर्व का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ, देवास द्वारा परम्परागत भव्य शौर्य यात्रा का आयोजन ब्राह्मण महासंघ अध्यक्ष पं. दिनेश मिश्रा के नेतृत्व मे किया जा रहा है।ब्राह्मण युवा संघ जिला अध्यक्ष पं. अजय पांडे (छोटू) एवं नगर अध्यक्ष पं. विमल शर्मा ने बताया कि यह यात्रा ब्राह्मण समाज की एकता, परंपरा और संस्कृति को जागृत करने का प्रतीक है। यात्रा में ढोल-नगाड़ों, शंख ध्वनि और जय घोष के साथ विभिन्न आकर्षक झांकियाँ नगरवासियों का ध्यान आकर्षित करेंगी। मुख्य आकर्षणों में यज्ञ करते सप्त ऋषियों की झांकी और भगवान श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र अर्पित करते भगवान परशुराम की मनोहारी झांकी प्रमुख होंगी। भजनों की मधुर प्रस्तुतियाँ यात्रा के वातावरण को भक्तिमय बनाएंगी। नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती यह यात्रा 4 मई, बुधवार को सायं 5.30 बजे सयाजी द्वार से प्रारंभ होगी।

# जिला जेल में जिला चिकित्सालय के चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा चिकित्सा शिविर हुआ आयोजित


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला जेल देवास में शनिवार को रजिस्ट्रार/सचिव उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर एवं जेल मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय जिला देवास की सुपर स्पेशलिस्ट एवं स्पेशलिस्ट टीम द्वारा जिला जेल देवास में परिरूद्ध बंदियो हेतु एसटीआई, एचआईवी, टीवी एवं हेपेटाईटिस की जागरूकता जॉच एवं उपचार हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर मेगा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें गायनेकोलॉजिस्ट विशेषज्ञ रेनुका रामनवाल, आर्थोपेडिक विशेषज्ञ देवेश कुमार, पीडियाट्रिशियन विशेषज्ञ कपिल गांगिल, मनोरोग विशेषज्ञ धर्मेन्द्र प्रजापति, जनरल सर्जन राजीव, ई.एन.टी विशेषज्ञ फेमिदा कुरैशी, मेडिसिन विशेषज्ञ अतुल पवनीकर, पवन यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ एम.एस. मिश्रा, नर्सिंग ऑफिसर अनिला पाल, लैब टेक्नीशियन लोकेश ओसारी, मंयक चौधरी, रवि प्रसाद, फार्मासिस्ट संजय प्रजापति, डी.टी.सी. से राकेश मालवीय, ए.आर.टी विभाग से अशोक व आदिल आदि द्वारा बंदियों का परीक्षण कर जाँच उपचार कर आवश्यक दवाईयाँ वितरण की गई। शिविर के दौरान 102 पुरूष एवं 21 महिला बंदियो कुल 123 बंदियों को उपचार प्रदाय करते हुए लगभग 37 बंदियों के रक्त परीक्षण किये गए एवं 107 बंदियों का एच.आई.वी., सिफलिस एवं हपेटाईटिस सी की जाँच की गई। हिमानी मनवारे, जेल अधीक्षक जिला जेल देवास के मार्गदर्शन में अनिल दुबे, जेल उपअधीक्षक एवं वैशाली भारद्वाज, फार्मासिस्ट जिला जेल देवास द्वारा शिविर का सफल आयोजन करवाया।

# हो रही तैयारी: शहर में पहली बार होगा दिगंबर जैन समाज का पंचकल्याणक महामहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



दिगंबर जैन समाज के इतिहास में होने जा रहे प्रथम भव्य श्रीमद् जिनेन्द्र पंचकल्याणक का आयोजन देवास में स्थानीय साईं विहार कॉलोनी में होने जा रहा है। जिसमें पाषाण से परमात्मा बनने तक की यात्रा पूर्ण की जाएगी। उक्त कार्यक्रम की तैयारियां तेजी से चल रही है, नगर में स्थित साई विहार कॉलोनी में आयोजित होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में तैयारियां चरम स्तर पर है। भगवान श्री महावीर स्वामी के नाम से महावीर धाम का निर्माण ओर कार्यक्रम की मुख्य भूमिका में पंचकल्याणक होने जा रहा है, जिसमे आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के पट्ट शिष्य विद्यशिरोमणी आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के आशीर्वाद से उनके ही शिष्य मुनि श्री 108 निष्पक्ष सागर महाराज एवं मुनि श्री 108 निस्पृह सागर महाराज के सानिध्य में यह आयोजन 5 से 10 मई तक आयोजित होने जा रहा है। महावीर धाम के निकट ही दी गार्जियन स्कूल के प्रांगण में भव्य पांडाल आयोध्या नगरी की रचना की जा रही है। दिगंबर जैन समाज द्वारा समस्त अंचल के धर्म प्रेमी बंधुओ से निवेदन किया है कि सभी इस पावन कार्य में आकर धर्म लाभ लेवे एवं अपनी सहभागिता दर्ज करवाए। 05 मई सोमवार को प्रथम दिवस के मुख्य आयोजन के पात्रों का चयन प्रातः 7.30 बजे से गार्जियन स्कूल प्रांगण में मुख्य मंडप से बाल ब्रह्मचारी विनय के निर्देशन में मुनि द्वय के सानिध्य में होने जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में संपूर्ण देश से श्रद्धालु जन उपस्थित होंगे। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये संपूर्ण जैन समाज द्वारा सकल समझो से आव्हान किया गया है की अधिक से अधिक लोग उक्त कार्यक्रम में अपनी सहभागिता करें।

### समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम की जिला इकाई ने किया आयोजन

# दिव्यांग भजन संध्या में झूमे श्रोता, कलाकारों ने बांधा समा





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शुक्रवार को सूरदास जयंती पर सम दृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम की जिला इकाई द्वारा दिव्यांग भजन संध्या का आयोजन कैला देवी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की विशेषता यह थी कि मंच पर गाने व वादन करने वाले सभी दृष्टि बाधित कलाकार थे। अंतर मन से गाने वाले व बजाने वाले कलाकारों ने सूरदास के भजन को सुर में पिरोकर दर्शकों को आनंदित व रोमांचित किया।

ममता दुबे ने स्वयं जागकर जगाना है देश को व अभिजीत सिंह द्वारा मैया मोह नहीं माखन खायो गाकर समा बांधा गया।अक्षय खंडेलवाल ऑक्टोपैड, विशाल कीबोर्ड, सूर्या जायसवाल ने तबला से संगत दी।सामाजिक न्याय विभाग की जिला समन्वयक संगीता यादव, मालवा प्रांत के सह सचिव हर्ष शर्मा तथा भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

मालवा प्रांत सह सचिव हर्ष शर्मा ने सूरदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सूरदास जन्म से ही दृष्टि बाधित थे फिर भी उन्होंने अपने साहित्य में भगवान श्री कृष्णा के श्रृंगार व लीलाओं का अद्भुत वर्णन किया है। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती से किया गया। इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, संघ के विभाग संघचालक अजय गुप्ता, विमल अग्रवाल व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था सह सचिव रितु गुप्ता तथा महिला आयाम प्रमुख दीपा केदार द्वारा किया गया। कलाकारों अतिथियों का सम्मान संस्था उपाध्यक्ष लक्ष्मण व सचिव अमित पीठवे ने किया तथा आभार सक्षम जिला अध्यक्ष दारा सिंह वशिष्ठ ने माना। उक्त जानकारी दिलीप सोलंकी ने दी।

# पंडित त्रिपाठी की मेहनत रंग लाई हाटपीपल्या बनेगा नवीन विकासखंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने जिले के हाटपीपल्या को नवीन विकासखंड बनाने के लिये पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह को पत्र लिखा था जिस पर सिंह ने ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री भारत सरकार गिरिराजसिंह, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह को अनुसंशा पत्र लिखे। जिस पर पंचायत ग्रामीण मंत्री ने अनुसंशा पत्र को विचारार्थ संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया। अपर सचिव भारत सरकार संजय कुमार उपाध्याय ने विषय वस्तु मध्यप्रदेश सरकार से संबंधित है अतः इसे उचित कार्यवाही हेतु प्रमुख सचिव सचिन सिन्हा को हस्तांतरित किया था। पंचायत राज संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा सचिव मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग विकास भवन को 25 मार्च को नवीन विकासखंड बनाने के संबंध में कार्यवाही हेतु प्रेषित किया है। पं. त्रिपाठी ने बताया कि 68 साल बाद नये विकासखंड बनाये जा रहे हैं। जिससे गांवों की दूरी घटेगी, राज्य की बढ़ती जनसंख्या और शहरी विकास को ध्यान में रखते हुए परिसीमन आयोग इस पर फैसला लेगा। आयोग ब्लाक के गठन का मसौदा तैयार कर सरकार को सौंपेगा। नये ब्लाक बनने के बाद 29 योजनाओं के तहत हर साल पांच हजार करोड़ रूपये ज्यादा मिल सकेंगे। राज्य को केन्द्र की योजनाओं से यह मदद मिलेगी। नये ब्लाक बनने से हर ब्लाक को सालाना 50 करोड़ से ज्यादा मिलेंगे, विकास के लिये बजट बढ़ेगा। हाटपीपल्या क्षेत्र की ग्राम पंचायत के विकास में गति आएगी एवं आमजनों को ग्रामीण योजनाओं का लाभ मिल सकेगा पं. त्रिपाठी ने पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिग्विजयसिंह, ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज मंत्री गिरिराजसिंह व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह का आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### सेचुरेशन अभियान 31 तक संचालित किया जाएगा

**सीहोर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वी किश्त माह जून के प्रथम सप्ताह में वितरित होना संभावित है। अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना का लाभ प्राप्त हो, इसके लिए आवश्यक है कि मई 2025 तक समस्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर ली जाऐं। कलेक्टर बालागुरू के. ने इस संबंध में सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को निर्देश दिये कि पीएमकिसान सैचुरेशन अभियान का आयोजन 01 मई से 31 मई,2025 तक किया जाये जायेगा। इस अभियान के दौरान समस्त कार्यवाही पूर्ण किया जाना सुनिश्चित की जाये। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये की निर्धारित समय अन्तर्गत विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाए, पटवारियों द्वारा हितग्राही सूची एवं बी-1 का वाचन ग्राम सभा में किया जाए, छूटे हुए पात्र हितग्राहियों एवं मृत हितग्राहियों का चिन्हांकन कर सूचीबद्ध पोर्टल पर अद्यतन की जाये, योजना के तहत पंजीयन एवं अनिवार्य कार्यवाही (फार्मर आईडी, ई- केवायसी, आधार बैंक खाता लिंकिंग) की जानकारी अद्यतन की जाये। हितग्राहियों को मार्च 2025 से फार्मर आईडी जनरेट होने पर ही योजना का लाभ प्राप्त होगा। स्थानीय युवा एवं पटवारियों को फार्मर आईडी के लिए लक्ष्य नियत किया जाये, कृषकों को फार्मर आईडी बनाये जाने के लिए आवश्यक सहयोग दिया जाए, जिससे वह स्वयं फार्मर आईडी बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित कर सकें। मृत हितग्राहियों का चिन्हांकन एवं पात्र वारिसान का पंजीयन किया जाये, ग्राम सभा में चिन्हित मृत हितग्राहियों की जानकारी पीएमकिसान पोर्टल पर अद्यतन की जाये। छूटे हुये पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिचित किया जाये।

### नेशनल लोक अदालत व विद्युत छूट के लिए प्रचार रथ रवाना




**सीहोर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत छूट के व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के लिए 02 मई 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय प्रांगण से प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रकाश चंद्र आर्य द्वारा हरी झण्डी दिखाकर प्रचार रथ (वाहनों) को रवाना किया गया। प्रचार वाहनों द्वारा जिंगल्स, पम्पलेट्स एवं फ्लेक्स बैनरों के माध्यम से जिले के विभिन्न शहरी व सुदूरवर्ती ग्रामों में नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत विशेष छूट का प्रचार-प्रसार किया जावेगा। साथ ही विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक विद्युत के लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के रखे जाने एवं निराकरण के सम्बंध में बैठक आयोजित कर प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए गए।

## पं. उपाध्याय ने भगवान शिव और सती की कथा का विस्तार से किया वर्णन

# शिव महापुराण एक ग्रंथ है जो सुख और आनंद प्रदान करताः पं.चेतन उपाध्याय

शुक्रवार को पंडित श्री उपाध्याय ने भगवान शिव और सती की कथा का विस्तार से वर्णन किया। शिव एवं सती के विवाह के बारे में बताया की भगवान शिव के विवाह के बारे में पुराणों में वर्णन मिलता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शिव महापुराण में, ऋषि वेदव्यास ने भगवान शिव के स्वरूप को बताया है, जिसमें उनके कल्याणकारी स्वरूप, विभिन्न रूप, अवतार और ज्योतिर्लिंग शामिल हैं। शिव महापुराण एक दिव्य ग्रंथ है जो मानव जाति को सुख और आनंद प्रदान करता है। शिव-विवाह को जीवात्मा का परमात्मा, कामना का भावना और नदियों का सागर से मिलन है। उक्त विचार शहर के प्राचीन श्री हंसदास मठ, दशहरा बाग उमा शंकर धाम कालोनी के पास जारी सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे। श्री हंसदास मठ में स्फटिक श्री रिद्धेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा सिद्ध श्री हनुमान महाराज की स्थापना का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव का आयोजन महंत श्री हरिरामदास महाराज के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिव महापुराण के अलावा शुक्रवार को ब्राह्मण बटुकों का वैदिक शास्त्रानुसार उपनयन संस्कार के अलावा प्रतिमाओं का पुष्पाधिवास, फलाधिवास, र्शकराधिवास और अग्नि स्थापना का आयोजन किया।

महंत श्री ने बताया कि शनिवार को प्रतिमाओं घृताधिवास, मिष्ठानाधिवास, पत्राधिवास और नित्य पूजन हवन किया जाएगा। पंडित श्री उपाध्याय ने कहाकि मन अगर पवित्र तो शिव आपके हृदय में विराजमान हो जायेंगे इसलिए शिव की भक्ति के लिए मन की पवित्रता प्रथम आवश्यकता है। मन की पवित्रता अच्छी संगत से आती है इसलिए संतो की संगत को श्रेष्ठ माना गया है। सब देवताओं की शक्ति जब एकाकार हुई तब शक्ति स्वरूपा दुर्गा का आविर्भाव हुआ भारतीय संस्कृति में महिलाओं को शक्ति स्वरूपा दुर्गा रूप में स्वीकार किया गया है वही धन ऐश्वर्य की प्राप्ति भी लक्ष्मी विद्या की प्राप्ति सरस्वती से होती है ये सब नारी का स्वरूप है परंतु पाश्चात संस्कृति के प्रभाव में नारी के सम्मान और चरित्र की हानि हुई है, अब हम सभी की जिम्मेदारी है कि राष्ट्र में भारतीय संस्कृति की पुनर्स्थापना की आवश्यकता है।

शुक्रवार को पंडित श्री उपाध्याय ने भगवान शिव और सती की कथा का विस्तार से वर्णन किया। शिव एवं सती के विवाह के बारे में बताया की भगवान शिव के विवाह के बारे में पुराणों में वर्णन मिलता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव ने सबसे पहले सती से विवाह किया था। भगवान शिव का यह विवाह बड़ी जटिल परिस्थितियों में हुआ था। सती के पिता दक्ष भगवान शिव से अपने पुत्री का विवाह नहीं करना चाहते थे लेकिन ब्रह्मा जी के कहने पर यह विवाह सम्पन्न हो गया। एक दिन राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान कर दिया जिससे नाराज होकर माता सती ने यज्ञ में समाहित हो गई। इसके बाद भगवान शिव तपस्या में लीन हो गए। उधर माता सती ने हिमवान के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया। तारकासुर नाम के एक असुर का उस समय आतंक था। देवतागण उससे भयभीत थे। तारकासुर को वरदान प्राप्त था कि उसका वध सिर्फ भगवान शिव की संतान ही कर सकती है। उस समय भी भगवान शिव अपनी तपस्या में लीन थे। तब सभी देवताओं ने मिलकर शिव और पार्वती के विवाह की योजना बनाई। भगवान शिव की तपस्या को भंग करने के लिए कामदेव को भेजा गया लेकिन वह भस्म हो गए। देवताओं की विनती पर शिव जी पार्वती जी से विवाह करने के लिए राजी हुए। विवाह की बात तय होने के बाद भगवान शिव की बारात की तैयार हुई। इस बारात में देवता, दानव सभी लोग शामिल हुए। भगवान शिव की बारात में भूत पिशाच भी पहुंचे और ऐसी बारात को देखकर पार्वती जी की मां बहुत डर गईं और कहा कि वे ऐसे वर को अपनी पुत्री को नहीं सौंप सकती हैं। तब देवताओं ने भगवान शिव को परंपरा के अनुसार तैयार किया, सुंदर तरीके से श्रृंगार किया इसके बाद दोनों का विवाह संपन्न हो गया।

## संतमहंत, महात्माओं, गुरुजनों के आशीर्वाद से सनातन और हमारी संस्कृति है : सुदेश राय



**सीहोर।** प्राचीन हंसदास मठ के पास जारी सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा यज्ञ में विधायक सुदेश राय और समाज सेवी अरुणा राय सम्मिलित हुए। विधायक दंपति के द्वारा हंस दास मठ के हरि रामदास महाराज के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। शिव महापुराण कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय का भी विधायक सुदेश राय और समाजसेवी अरुणा राय ने पुष्प माला पहना कर स्वागत किया। आयोजन के दौरान विधायक सुदेश राय ने कहा कि संत महात्मा और गुरुओं के आशीर्वाद से ही भारत देश की हिंदू सनातन परंपरा जीवित है। सैकड़ो सालों से विरोधियों दुश्मनों के द्वारा हिंदी संस्कृत को मिटाने का कार्य किया जा रहा है लेकिन संत महंत महात्माओं गुरजनों के प्रताप से हमारी संस्कृति अजर अमर है। समाजसेवी अरुणा राय ने कहा कि शहर में होने वाले धार्मिक आयोजन मातृशक्ति को शक्ति प्रदान करते हैं संत महात्माओं गुरुजनों का आशीर्वाद हमें संकटों से बचाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ विधायक सुदेश राय और समाजसेवी अरुणा राय ने जन कल्याण के लिए भगवान की विधिवत पूजा अर्चना की और प्रसाद का वितरण किया।

### गेहूं का परिवहन कर विक्रय से रोकने के निर्देश

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी कार्य 15 मार्च से प्रारंभ किया जाकर 05 मई तक 2600 रू प्रति क्विंटल किया जा रहा है। उपार्जन के अंतिम दिवसों में जिले में अन्य सीमावर्ती जिलो से बिचौलियों, अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा अवैधानिक रूप से गेहूं का परिवहन कर उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय से रोकने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी केन्द्र संचालको को सक्षत निर्देश जारी किये है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए निर्धारित केन्द्रों पर गेहूं की आवक, खरीदी की प्रतिदिन मॉनीटरिंग कराई जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने समस्त एसडीएम, उपायुक्त सहकारिता, प्रबंधन जिला परियोजना, महाप्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को निर्देश जारी किये है कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड अनुसार ही समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जित किया जाए। जिलें की सीमा पर चेक-पोस्ट लगाकर अन्य जिलों से गेहूं लेकर आने वाले वाहनों की जांच कराई जाए, जिले में व्यापारियों द्वारा कय, परिवहन की जाने वाली गेहूं पर देय मण्डी शुल्क के भुगतान एवं मण्डी समिति द्वारा जारी अनुज्ञा पत्र की जांच की जाए,जिले में बिचौलियों, अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा भण्डारित गेहूं की जांच कराई जाए।

## अच्छी, सस्ती और गुणवत्तायुक्त शिक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकताः विधायक गोपालसिंह इंजीनियर

**1 करोड़ 23 लाख से खजुरिया कासम के स्कूल में बनने वाले अतिरिक्त कक्षो-लैब निर्माण का किया भूमिपूजन**



**आष्टा।** केंद्र में नरेन्द्र मोदी की एवं प्रदेश में डॉ मोहन यादव की भाजपा की सरकार की प्राथमिकता है देश प्रदेश के विद्यार्थियों को अच्छी से अच्छी,सस्ती,ओर गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त हो । इसके लिये हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अमूलचूल परिवर्तनों के साथ सरकारी विद्यालयों को सर्व सुविधा युक्त बनाने के प्रयासों में जुटी है उसका उदाहरण है सीएम राइज स्कूल जो बड़े से बड़े प्राइवेट स्कूलों की टक्कर के है । वही जो सरकारी स्कूल चल रहे है उनमें भी हम ओर सुविधाए बढ़ा रहे है । उक्त उदगार आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज ग्राम खजुरिया कासम में हायर सेकेंड्री स्कूल में 1 करोड़ 23 लाख की लागत से बनने वाले 4 अतिरिक्त कक्ष एवं 3 लैब निर्माण के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे । विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की उक्त कार्य के लिये हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा हमारे क्षेत को जो विशेष आशीर्वाद मिला है उसके प्रति उनका क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त करता हूं। भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुचे आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजुरिया कासम परिवार की ओर से ग्रामीणों के साथ मिल कर भव्य अगवानी कर स्वागत सम्मान किया गया ।

उक्त बड़ी सौगात देने पर ग्रामीणों ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में सोनू गुणवान, मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार,राकेश सिसोदिया, तुलसीराम पाटीदार,वीरेन्द्र पटाडा, रामसिंग मुकाती, प्रेम मालवीय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, शिक्षक आदि उपस्तिथ रहे ।

## सिविल अस्पताल में उपकरण खराब और स्टाफ की कमी, तीन महीने से सीटी स्कैन मशीन बंद




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा के सरकारी सिविल अस्पताल में मरीजों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। अस्पताल में स्टाफ की कमी से मरीजों को इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सीटी स्कैन मशीन पार्ट्स खराब होने के कारण पिछले तीन महीने से बंद पड़ी है। मरीजों को मजबूरन प्राइवेट अस्पतालों में 3 से 4 हजार रुपए या उससे भी अधिक खर्च करने पड़ रहे हैं।

अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन तो है, लेकिन रेडियोलॉजिस्ट की कमी के कारण इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। केवल गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी शासन के आदेश पर अनुबंधित जगह पर की जाती है। अन्य मरीजों को निजी अस्पतालों में 700 से 1100 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। नागरिक राजू सेन, कैलाश अजनोटिया ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और मंत्रियों ने कई बार अस्पताल का निरीक्षण किया।

समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

### विभागीय स्तर पर अवगत करा दिया

डॉ. जीडी सोनी, बीएमओ आष्टा ने बताया कि सिविल अस्पताल में अभी सीटी स्कैन मशीन पाट्र्स खराब होने से बंद है। जहां तक सोनोग्राफी की बात है तो रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। गर्भवती महिलाओं की अनुबंधित जगह पर सोनोग्राफी कराई जाती है।

## नगर पालिका ने सफाई मित्रों को सौंपी 50 नवीन हाथ कचरा गाड़ियां



**आष्टा।** नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं सफाई मित्रों की सुविधा के लिए नगरपालिका ने 50 हाथ कचरा गाड़ियां क्रय की, जिन्हें नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना सहित पार्षदों की उपस्थिति में सफाई मित्रों को सौंपी गई।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सफाई मित्रों को कचरा गाड़ी सौंपते हुए कहा कि किसी भी नगर, प्रदेश एवं देश को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने में सफाई मित्रों का अहम योगदान रहता है। सफाई मित्रों का काम जितना कठीन है जिसे हर कोई नही कर पाता, उतना ही सेवाभावी भी है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाने में सफाई मित्रों का सहयोग करें।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत लगभग 50 हाथ कचरा गाड़ी क्रय की गई है। सीएमओ श्री सक्सेना ने कहा कि स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण कार्य में संसाधनों का होना बहुत जरूरी है, संसाधनों के अभाव में कार्य प्रभावित होते है।

सीएमओ श्री सक्सेना ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में नगरपालिका आष्टा को टॉप-10 में लाने के लिए नगरपालिका का सहयोग करने नगरवासियों से अपील की। इस अवसर पर पार्षदगण हिफज्जुर्रहमान भैया मियां, सुभाष नामदेव, डॉ. सलीम खान, तारा कटारिया, शेख रईस, अतीक कुरैशी, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक विनोद सांगते, राजेश घेंघट, सुनील सांगते, हेमंत चंडाले आदि मौजूद थे।

## विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




**आष्टा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के निर्देशानुसार एवं विजय डांगी, जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा के मार्गदर्शन में महेश कुमार चैहान, प्रथम जिला न्यायाधीश के द्वारा दिनांक 1 मई 2025 को कार्यालय मंडी, आष्टा में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

श्री चैहान के द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं योजना 2015 एवं नालसा गरीबी उन्मूलन योजना का प्रभावी कार्यान्वयन योजना 2015 के विषय में जानकारी दी एवं श्रम वर्ग वास्तव में ऐसा वर्ग है जिसे विभिन्न श्रमसाध्य कार्यों में शामिल होने की आवश्यकता है।

समाज के प्रति उनके योगदान की सराहना करने और उनकी पहचान को जानने के लिए एक खास दिन निश्चित रूप से जरूरी है। उक्त शिविर में डी.एन मेवाड़ा, धर्मेन्द्र पिपलोदिया, मांगीलाल विश्वकर्मा, गंगाराम मेवाड़ा, सूरपाली मेवाड़ा आदि उपस्थित रहें।

**10 मई तक सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित किया जाएगा समर कैंप**

# समर कैंप गतिविधि आधारित हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जावर में समर कैंप के उद्घाटन सत्र में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कैंप का शुभारंभ किया गया अतिथियों का स्वागत विद्यालय की दीदी ममता शर्मा ,मनीषा भावसार तथा विजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा किया गया विद्यालय के प्राचार्य हरपाल सिंह सोलंकी के द्वारा कैंप में आए भैया बहिनों को सभी गतिविधि में भाग लेकर अपना शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया गया उसके पश्चात स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति से श्रीमती काजल अजमेरा द्वारा अपनी आत्म रक्षा हेतु किस तरह से भैया बहिनों को सेल्फ डिफेंस के गुण सीखेंगे इसके लिए भैया बहिनों को प्रोत्साहित किया गया कार्यक्रम का संचालन से सोभाल सिंह ठाकुर ने किया कार्यक्रम के संयोजक सुरेंद्र शर्मा ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया इस अवसर पर विद्यालय की आचार्य संगीता ठाकुर, अलका शर्मा, संतोष चौहान तथा त्रिलोक सिंह आदि उपस्थित रहे। विषय विशेषज्ञ द्वारा सीखेंगे एक्टिविटी 1 सिंगिंग एंड डान्सिंग 2 इंग्लिश स्पोकन 3 ब्यूटी एंड वेलनेस 4 ड्राइंग 5 गेम्स 6 जूडो कराटे 7 तरणताल एंड अदर एक्टिविटी संचालित होगी। इन सब एक्टिविटी में भैया बहिनों को खूब रास आ रही हैं ओर आनंद भी ले रहे जिसने सबसे ज्यादा आनंद इंग्लिश स्पोकन डांसिंग , और स्विमिंग पूल में मौज मस्ती के साथ स्नान करने में आ रहा है।

## बिसुखेड़ी में पदस्थ आदर्श शिक्षक रतन सिंह गोयल व जीवन सिंह ठाकुर को गरिमामयी विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय प्राथमिक शाला बिसुखेड़ी में पदस्थ आदर्श शिक्षक रतन सिह गोयल व जीवन सिह ठाकुर के सेवानिवृत्त होने पर सहायक संचालक प्रमोद कुशवाह, संकुल प्राचार्य अनार सिह ठाकुर, दिनेश बाहेती, नितीन कोसल, के मुख्य अतिथि में जावर मेहतवाड़ा संकुल के सैकड़ो शिक्षकों ने दोनो शिक्षकों को गरिमामयी विदाई दी व संस्था प्रधान भुरुलाल गहरवाल ने सम्मान पत्र भेंट किए।

इस अवसर पर भुरुलाल गहरवाल, अरविंद गोयल, महेश कुमार ,भगवतीदास गोयल ,जयनारायण राठौर, शिवनारायण राठौर ,सलीम जावेद कुरैशी, भँवरसिह ठाकुर, बाबूलाल ठाकुर, प्रभुलाल मालवीय, मनोहर विश्वकर्मा, कैलास सिह सिसोदिया ,कमल सिह ठाकुर, भगवती प्रसाद सोलंकी ,रणजीत सिंह चौहान, सोभाल सिह ठाकुर ,मुकेश चितोड़ा, मूलचंद धारवा, आत्माराम गोयल, मनीष सारसिया, चरण सिह मालवीय ,कमलेश सोनी, इमरान बेग, अनिल कुमार शर्मा ,कमलेश जयसवाल, राजेन्द्र सिह ठाकुर, गजराज सिह बागवान ,सत्तार खा ,कमलेश खत्री ,रामलाल मालवीय, सुभाष शर्मा ,लखन सोलंकी, खुशीलाल परमार, धीरज सिह, जीवन सिह ठाकुर , हिम्मत सिह ठाकुर, चंदर सिह पांचाल ,राजेन्द्र सिह गोयल, कुलदीप गोयल ,कुलदीप ठाकुर, दिनेश मालवीय ,हरीश परमार, धर्मेन्द्र खत्री ,सरिता जयसवाल ,जानकी धारवा ,सरिता परमार व लोग उपस्थित थे सभी ने दोनो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ओर सुभकानाये प्रेषित की उक्त जानकारी गोपाल ठाकुर ने दी।

## दोनों की मर्जी के खिलाफ परिजनों ने कर दी थी शादी

# एक ही साड़ी के फंदे पर लटके मिले विवाहित प्रेमी जोड़े के शव



**भोजपुर पुलिस कर रही पूरे मामले की जांच**



हरिभूमि न्यूज ⏩ राजगढ़

राजस्थान सीमा से सटे भोजपुर थानाक्षेत्र के अचलपुरा गांव में एक दिल दहला देने वाला मामले सामने आया है। यहां पहले से शादीशुदा प्रेमी जोड़े ने एक पेड़ पर एक ही रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। दोनों की शादियां उनकी मर्जी के खिलाफ अलग-अलग जगहों पर कर दी गई थीं। ऐसे में जब जीते जी दोनों एक न हो सके तो साथ मरने का कदम उठाया। सूचना मिलते ही भोजपुर थानाक्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची और पेड़ पर लटके शवों को फंदे से उतारकर पंचनामा इत्यादि उपरान्त उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतकों की पहचान राधेष्याम तंवर उम्र 21 वर्ष एवं मंजूबाई तंवर उम्र 22 वर्ष के रूप में की गई है। पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार मृतक राधेष्याम तंवर और मंजबाई तंवर एक ही गांव अचलपुरा के रहने वाले थे। राधेष्याम की शादी डोरियाखेड़ी निवासी सोमना से की गई थी लेकिन पति-पत्नी के विवाद के बाद से सोमना ससुराल छोड़कर मायके चली गई थी। इसी तरह मंजूबाई की शादी भी दो साल पहले राजस्थान के दुर्जनपुरा गांव के हरिओम तंवर के साथ हुई थी। मंजूबाई दो दिन पहले ही दुर्जनपुरा से अपने मायके अचलपुरा आई थी। शुक्रवार सुबह वह घर में किसी को कुछ बताए कहीं चली गई थी। गांव निवासी मोहनलाल ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह शौच के लिए जा रहे थे तभी एक महुए के पेड़ पर दोनों के शव एक ही फंदे पर लटके हुए देखे तो वे हतप्रद रह गए और तुरंत गांव में सूचना दी। सूचना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौके पर एकत्रित हो गए और पुलिस को इस बात की सूचना दी।

### आपस में हो चुका था प्रेम

राधेश्याम और मंजूबाई चूंकि एक ही गांव के रहने वाले थे। ऐसे में दोनों के बीच की पहचान धीरे-धीरे प्रेम में बदल गई थी। अपनी पत्नी के भी छोड़कर चले जाने के बाद से राधेश्याम काफी परेशान और तनाव में रहता था।

### इनका कहना है

अचलपुरा गांव में युवक-युवती द्वारा आत्महत्या करने की खबर के बाद हम मौके पर पहुंचे और शवों को फंदे से नीचे उतारा। दोनों एक ही साड़ी से फंदा बनाकर दोनों ने आत्महत्या की है। हम मामले की पूरी जांच कर रहे हैं।

**कैलाश दांगी,** एएसआई, थाना भोजपुर

---

**बिजली कटौती के कारण ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पेयजल समस्या हुई गंभीर**

# अंधाधुंध बिजली कटौती से बूंद बूंद पानी को तरस रही जनता

हरिभूमि न्यूज ⏩ सारंगपुर



मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली बिल वसूली के नाम पर इतने कड़े तेवर दिखाते हैं कि आम उपभोक्ता को दैनिक खर्चे में कटौती कर उनका बिल जमा करना पड़ता है। अन्यथा बिजली बिल जमा करने की तारीख निकलने के बाद तुरंत बिजली काट दी जाती है। इतना ही नहीं बिजली बिल पर मन माने टैक्स लगाकर बिल वसूला जा रहा है। इसके बदले बिजली विभाग 24 घंटे बिजली देने की कागजी बात करता है लेकिन हकीकत यह है कि प्रतिदिन आघोषित कटौती कर रहे हैं। इससे जनता त्राहि त्राहि कर उठी है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों बिजली के हालात इतने खराब है की लाइन बंद है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है जिसे फोन लगाओ वह फोन नहीं उठाता फोन उठा भी लेते हैं तो की बोलते हैं लाइन फाल्ट है। मेंटेनेंस चल रहा है जबकि बारिश के पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर प्रति वर्ष हजारों लाखों रुपए खर्च कर विद्युत सुधार का कार्य कागजों में दिखता है ऐसे में 12 महीने किस बात का मेंटेनेंस चलता है या 12 महीने कैसे लाइन फाल्ट होती है। इसका जवाब किसी के पास नहीं है। वर्तमान में अप्रैल खत्म होते ही मई का महीना आम बिजली उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत का सबक बन गया है इस माह में ही सर्वाधिक बिजली खपत घरेलू रूप में होती है जबकि किसानों को खेती के लिए बिजली की आवश्यकता नहीं है फिर भी विद्युत मंडल अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहा है गर्मी में बिजली संकट जमकर रुलाने लगा है। कई दिन से रोजाना अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान हो गए हैं। बिजली बंद होने से पेयजल की भी भीषण समस्या से जूझना पड रहा है।

सारंगपुर विद्युत मंडल के रोजाना विद्युत उपकरण खराबी का खामियाजा आम लोग भुगत रहे हैं। बीते एक सप्ताह से केवल ब्लास्ट होने तो कहीं फीडर में गड़बड़ी होने से सप्लाई रोजाना कई घंटे के लिए बिना बताए बंद कर दी जाती है। बिजली बंद होने से पानी के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सारंगपुर के कई वार्डों में पानी की टंकियां बिजली सप्लाई नहीं होने से खाली रह जाती है। बिजली कट होने से पानी सप्लाई ठप होने के कारण लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि पानी की टंकी में सप्लाई बंद होने से घरों के नलों में पानी नहीं आता है। इससे परेशानी उठानी पड़ रही है। यही हाल ग्रामीण क्षेत्र का है आखिर इस समस्या का निदान कब होगा और जिम्मेदार इस और कब ध्यान देंगे या फिर जनता से बिजली बिल के नाम पर खुली वसूली करते रहेंगे और आघोषित बिजली कटौती करते रहेंगे।

---

## नमकीन के कारखाने में लगी आग मशीनें और कच्चा माल जलकर राख



**सारंगपुर।** पुराने बस स्टैंड के पास स्थित सुपर ट्रेडर्स नमकीन के कारखाने में गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे आग लग गई। इस घटना में नमकीन बनाने की मशीनें, मोटर, बिजली की भट्टी और कच्चा माल सहित कारखाने की दुकान जलकर नष्ट हो गई । आग से लगभग 12 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार प्लांट के मालिक मोहम्मद उमर अंसारी मार्केटिंग के लिए बाहर गए थे। उनकी दुकान और फैक्ट्री बंद थी। इसी दौरान अज्ञात कारणों से फैक्ट्री में आग लग गई। आसपास के लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद नगर पालिका का पानी टैंकर और फायर ब्रिगेड तुरंत मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। आग की तेज लपटों से आसपास की दुकानों और घरों में दहशत का माहौल था। देर शाम प्रशासन की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। शुक्रवार सुबह सामने आए वीडियो में आग की भयावहता साफ दिखाई दे रही है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। नमकीन कारखाने के आसपास अन्य मकान नहीं होने से आग बाजार क्षेत्र में नहीं फैली। अन्यथा इससे भी बड़ा हादसा हो सकता था।

---

## सीएम हेल्पलाइन की रैंकिंग सूची में विदिशा का चौथा नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏩ विदिशा

सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरणों पर विदिशा जिले में विशेष जोर दिया जा रहा है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा दर्ज आवेदनों के निराकरणों पर क्या-क्या कार्यवाही की जा रही हैं की अद्यतन जानकारियां प्राप्त की जा रही हैं। उन्होंने सभी विभागों के जिलाधिकारियों तथा समस्त एसडीएम को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन के दर्ज आवेदनों के निराकरणों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। एल वन स्तर पर ही आवेदक से संवाद कर समस्या का समाधान संतुष्टि पूर्वक निराकृत कराने के सफल प्रयास करें। सीएम हेल्पलाइन की एक मई की स्थिति में जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में विदिशा जिला चैथे स्थान पर है। विदिशा से पहले सीहोर, रायसेन व बड़वानी जिला है। गौरतलब हो कि ग्रेडिंग मंथ अप्रैल माह में कुल 11379 शिकायतें दर्ज हैं, जिनका निराकरण किया जाना है। अब तक 57.79 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया जा चुका है।

### राष्ट्रीय गीत के बाद काम करेंगे अफसर

**विदिशा।** प्रत्येक माह की पहली तारीख को शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रीय गीत का आयोजन किया जाता है, तत्पश्चात शासकीय कार्यों का संपादन शुरू होता है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय गीत हुआ।

---

## नीट परीक्षा की तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक

**4 मई को होनी है परीक्षा**



हरिभूमि न्यूज ⏩ राजगढ़

जिले में 4 मई को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा की तैयारियों के संबंध में कलेक्टोरेट सभागार में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पानी, टेंट एवं परीक्षार्थी के साथ आने वाले अभिभावकों के लिए परीक्षा केन्द्र के बाहर भी टेंट, पानी व कूलर की व्यवस्था करें।

कलेक्टर ने सभी कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों पर कोई भी आपत्तिजनक सामग्री अंदर न जाने पाए। प्रष्न-पत्रों की सुरक्षा में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि नीट परीक्षा के लिए जिले में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय राजगढ़, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय राजगढ़, शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज राजगढ़ एवं पीएम श्री कन्या हायर सेकन्ड्री स्कूल ब्यावरा शामिल हैं। चारों केद्रों को मिलाकर परीक्षा में कुल 1150 प्रतिभागी शामिल होंगे।

### परीक्षा समय के आधे घंटे पूर्व तक प्रवेश

परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। अभ्यार्थी को परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थियों के पहुचने का समय प्रवेश पत्र में दर्शाए गये समय के अनुसार प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 01:30 तक ही रहेगा। साथ ही प्रवेश पत्र में दर्शाए गई प्रतिबंधित वस्तुओं को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना होगा।

---

**दादी-दानी ने बचपन में कर दी थी बालिकाओं की सगाई**

# 10 और 12 साल की मासूम बेटियों का रुकवाया बाल-विवाह



हरिभूमि न्यूज ⏩ राजगढ़

इन शादियों की सीजन में जिले से बाल-विवाह के कई मामले सामने आ रहे हैं। कालीपीठ क्षेत्र के सेमली जागीर गांव से बाल-विवाह किए जाने की सूचना मिलने के बाद-विवाह के पहले ही शादियों को रुकवा दिया गया। गांव में रहने वाली 10 और 12 वर्ष की दो बालिकाओं की सगाई बचपन में ही दादा-दादी ने तय कर दी थी और अब परिवार विवाह की तैयारियों में जुटा हुआ था। बाल-विवाह की सूचना के बाद जब महिला बाल विकास विभाग, अहिंसा वेलफेयर की टीम ने बालिकाओं से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि उन्हें यह भी नहीं मालूम कि उनकी सगाई कहां और किससे की गई है। मासूम बालिकाएं इस स्थिति को समझ पाने में असमर्थ थीं। यह स्थिति चिंताजनक थी, क्योंकि ये उम्र तो उनकी पढ़ाई और खेलने-कूदने की है, लेकिन उन्हें जीवनभर के रिश्तों में बांधने की कोशिश की जा रही थी।

### समझाइश देकर रुकवाया बाल-विवाह

महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी विक्रम ठाकुर, अहिंसा ठीक पर्यवेक्षक मनीष दांगी, रजनी प्रजापति, पुलिस टीम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहंचकर दोनों बालिकाओं का बाल-विवाह होने से बचा लिया। टीम द्वारा इन बालिकाओं के परिजनो को बाल-विवाह के दुष्परिणाम बताते हुए कानूनी कार्रवाई का भी डर बताया गया तब कहीं जाकर परिजन माने और बाल-विवाह न करने संबंधी प्रपत्रों पर हस्ताक्षर किए।

---

**क्षेत्र में अवैध खनन और ट्रैक्टर दौड़ का चलन बन रहा जानलेवा**

## भैंसवा माता में ईंट खाली कर लौट रहा ट्रैक्टर पलटा चालक का हाथ कटकर 10 फीट दूर गिरा, इंदौर रेफर



**सारंगपुर।** कालीसिंध नदी किनारे चल रहे ईंट भट्टों और अवैध खनन गतिविधियों के बीच एक और दर्दनाक हादसा शुक्रवार को सामने आया। भैंसवा माता क्षेत्र में एक ट्रैक्टर चालक ईंटें खाली कर लौटते समय उबड़खाबड़ पहाड़ी रास्ते पर तेज गति से ट्रैक्टर चला रहा था, तभी ट्रैक्टर असंतुलित होकर पलट गया। हादसा इतना गंभीर था कि ट्रैक्टर का इंजन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक का हाथ कटकर 10 फीट दूर जा गिरा। घायल युवक की पहचान सुरेश पिता रमेश मालवीय (उम्र 30 वर्ष) के रूप में हुई है, जिसे भैंसवा के ग्रामीणों ने तत्काल सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर स्थिति में इंदौर रेफर कर दिया गया।

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सारंगपुर के विवेचना अधिकारी एसआई विमल सिंह ने बताया कि युवक को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। फिलहाल उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। गौरतलब है कि क्षेत्र में बिगनोदीपुरा, कुंपा और बदेशी गांवों के आसपास कालीसिंध नदी से अवैध रेत खनन जोरों पर है। ट्रैक्टर चालक जल्दबाजी में दिनभर में कई चक्कर लगाते हैं, जिससे ऐसे हादसे आम होते जा रहे हैं। यह दुर्घटना भी इसी जल्दबाजी का परिणाम मानी जा रही है। वही प्रशासन की निगरानी और ठोस कार्रवाई की मांग ग्रामीणों द्वारा एक बार फिर उठाई जा रही है।

---

### अक्षय तृतीया पर तीन नाबालिग के विवाह रोके

**विदिशा।** नटेरन ब्लॉक के शमशाबाद में गुरुवार को एक्सेस टू जस्टिस टीम ने चार बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई तब एक्सेस टू जस्टिस जिला प्रभारी दीपा शर्मा ने परियोजना अधिकारी के ओर संबंधित पुलिस थाने के बल के साथ मिलकर 3 नाबालिग बच्चों के बाल विवाह रोके ओर ग्यारसपुर ब्लॉक के ग्राम में एक बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई जिस पर टीम ने बालिका के घर विकसित की और परिजनों से उम्र संबंधी दस्तावेजों की जांच की जिसमें बालिका नाबालिग पाई गईं।

---

## साधना के बिना साधन निरर्थक : प्रभाकर

### कबीर आश्रम में 3 दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩ सुठालिया



शुक्रवार से कबीर आश्रम में तीन दिवसीय सत्संग समारोह प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रवचन देते हुए कबीर वाणी के राष्ट्रीय प्रचारक संत प्रभाकर साहेब ने कहा कि पुणयों के प्रताप और पुरुषार्थ के बल से व्यक्ति जीवन में अनुकूल साधन तो प्राप्त कर लेता है लेकिन यदि जीवन में साधना नहीं तो वह इन सबसे सुख नहीं प्राप्त कर सकता। साधना के बिना साधन निरर्थक है इसलिए मन वाणी और कर्मो को साधने का कार्य करें फिर झोपडी में ही महलों का आनंद मिलेगा।

उन्होंने कहा कि जिस दिन जन मानस में सत्य का समर्थन और पाखण्ड का खण्डन करने करने की समझ पैदा हो जायेगी उस दिन समाज का शोषण बंद हो जायेगा। प्रभाकर साहेब ने कहा कि आप निंदा व प्रसंसा से प्रभावित होंगे तो अपने लक्ष्य की और आगे नहीं बढ पायेंगे। निंदा उसी की होती है जो जिंदा है। अंतरूकरण जिस कार्य को करने की प्रेरणा दे उसे अवश्य करें। सफल होंगे तो संतुष्टि मिलेगी और असफल हुए तो अनुभव। सत्संग में संत गुरुबोध साहेब ने कहा फैशन व्यशन और मांसाहार समाज में बढते अपराधों की जड है। स्वतंत्रता के नाम पर स्वछंदता के छलावे में नहीं आते वै बच्चे भविष्य को उज्ज्वल कर पाते हैं। साध्वी ज्योति साहेब ने कहा कि सत्संग से जीवन में सुधार आता है, यह पतित को पावन बना देने वाला है। जिसके मन की मलीनता और दिल का द्वैष समाप्त हो जाता है वह परमात्मा को पा लेता है। सत्संग में साध्वी विमला व साध्वी गीता ने मधुर भजनों की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भाल विभोर कर दिया। सत्संग प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 व रात्रि को 8 से 10 बजे तक चलेगा।

---

**जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति**

# नगर में जगह-जगह झूल रहे विद्युत तार

हरिभूमि न्यूज ⏩ जीरापुर



नगर में अनेकों जगह पर विद्युत तारों का मकड़जाल झुलता नजर आता है। यहीं तार लोह के चद्दर के समीप होने से करंट फैलने का अंदेशा बना रहता है। हालांकि विधुत विभाग लगातार मेंटेनेंस कार्य सम्पादित कर रहा है।

बहरहाल तार के मकडजाल एवं झुलते तार का उचित रखरखाव नहीं होना परेशानी का कारण बनता है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि इन झूलते, लटकते तारों को बिजली कंपनी देखकर भी अनदेखा कर रही है। नतीजन ये झूलते तार हादसों को न्यौता दे रहे हैं। यदि इन झूलते तारों को बिजली कंपनी कर्मचारी जब उस क्षेत्र से भ्रमण करते निकलते हैं तो तत्काल रखरखाव करें तो यह स्थिति नहीं बनती है। ये कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं। गत दिनों गांधी बस्ती पीपल्दा रोड स्थित ट्रांसफार्मर के पास तार (केबल ) लाइट का पोल टूटने की वजह से नीचे झूल रही है जो सीधा-सीधा बड हादसे को न्योता दे रही है। इसकी शिकायत विद्युत मंडल के अधिकारियों को देने के बाद भी सुधार हेतु नहीं पहुंचे। बिजली कंपनी द्वारा जिलेभर में मेंटेनेंस कार्य किया गया है। ये मेंटेनेंस कार्य लंबे समय तक चल रहा बावजूद अनेक स्थानों पर झुलते तार नजर आ रहे। तार ज्यादा झुल रहे उनके लिए कोई सपोर्ट नहीं लगाया है। ये तार विद्युत पोल से घरों में जाने वाली लाइन के है। बीच में इन तारों का कोई सपोर्ट नहीं। खंबा नहीं होने के कारण ये तार झूल रहे हैं। तारों के झुंड से फॉल्ट का खतरा बना रहता है। जहां आए दिन फाल्ट की स्थिति बनती रहती है। जो कभी भी फाल्ट होकर हादसे का कारण बन सकते हैं। अनेकों बार इन तारों के गुच्छे से चिंगारी निकलती रहती है तो किसी ने किसी घर की बिजली गुल हो जाती है।

गांधी बस्ती निवासी प्रभु लाल वर्मा नेताजी ने बताया कि पीपल्दा रोड पर मेरा मकान है जहां एक ट्रांसफर लगा हुआ है उसके पास ही विद्युत तार झूल रहे जो चद्दर से टकरा रहे हैं जिसका हमें डर है कहीं बडा हादसा ना हो जाए इसी को लेकर में विद्युत मंडल में एक आवेदन देकर झूलते तार को दुरुस्त करने की मांग कि। फिर भी विद्युत मंडल के कर्मचारी यहां पहुंचकर इन तारों को सही नहीं कर रहे हैं। इसी मोहल्ले में एक लोहे का विद्युत पोल बीच रोड की ओर झुका हुआ है जिसपर से विद्युत केवल बिल्कुल नीचे की ओर लटक रही है कभी भी यह बडा दुर्घटना का काम बन सकता है विद्युत पोल बदलने की आवश्यकता है।